INDIAN SCHOOL SOHAR SET-1
PERIODIC TEST – II (2018-19)
HINDI

CLASS: VII MAX.MARKS: 20
DATE: 15 /01/2019 DURATION: 45 MIN

सामान्य निर्देश: 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। (4)

मेलों का उद्देश्य मनोरंजन करना है। गाँवों में मेले त्योहारों से संबंधित होते हैं। नगरों में मेलों का स्वरूप बदलता जा रहा है। नगरों में कला, वस्त्र, वाहन आदि विविध विषयों पर मेलों का आयोजन होने लगा है। इसी क्रम में पुस्तक मेलों का आयोजन भी किया जाता है। इसमें प्रकाशक अपने द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को विभिन्न स्टॉलों में प्रदर्शित करते हैं। पुस्तक मेले विद्यालय स्तर से लेकर ज़िला, प्रांत, देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होते हैं। नई दिल्ली में देश का सबसे बड़ा 'अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला' प्रगति मैदान में आयोजित होता है। इसमें देश-विदेश के प्रकाशक अपनी पुस्तकें प्रदर्शित करते हैं। पुस्तक मेले में हमें एक ही स्थान पर श्रेष्ठतम पुस्तकें मिल जाती हैं। पुस्तक मेलों से पुस्तक-संस्कृति का प्रचार-प्रसार हुआ है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ख) गाँवों में मेले किस विषय से संबंधित होते हैं ?
(ग) नई दिल्ली में देश का सबसे बड़ा 'अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला' कहाँ आयोजित होता है ?
(घ) पुस्तक मेलों का क्या लाभ है ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया-विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए। (2)
(क) पानी थोड़ा-थोड़ा पीते रहना चाहिए।
(ख) अचानक बिजली चमकने लगी।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए। (2)
(क) गति (ख) रस

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)
(क) रहित (ख) ऐच्छिक

प्रश्न 5. 'घमंड' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) समाधान (ख) ढब

(ग) सचहिं (घ) अपूर्व

प्रश्न 7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2)

(क) जी चुराना

(ख) पलकें भीगना

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

(क) कवि रहीम ने मछली और जल के बीच कैसा रिश्ता बताया है?

(ख) अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान ने नज़रे क्यों झुका ली थीं ?

(ग) तिनके वाली घटना से कवि क्या समझ गया ?

(घ) अप्पू ने कितने पैसों के कंचे खरीदे थे और उसके पास पैसे कहाँ से आए ?

समाप्त

INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST – II (2018-19)
HINDI

SET-2

CLASS: VII | MAX.MARKS: 20
DATE: 15/01/2019 | DURATION: 45 MIN

सामान्य निर्देश : 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है ।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। (4)

मेलों का उद्देश्य मनोरंजन करना है। गाँवों में मेले त्योहारों से संबंधित होते हैं। नगरों में मेलों का स्वरूप बदलता जा रहा है। नगरों में कला, वस्त्र, वाहन आदि विविध विषयों पर मेलों का आयोजन होने लगा है। इसी क्रम में पुस्तक मेलों का आयोजन भी किया जाता है। इसमें प्रकाशक अपने द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को विभिन्न स्टॉलों में प्रदर्शित करते हैं। पुस्तक मेले विद्यालय स्तर से लेकर ज़िला, प्रांत, देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होते हैं। नई दिल्ली में देश का सबसे बड़ा 'अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला' प्रगति मैदान में आयोजित होता है। इसमें देश-विदेश के प्रकाशक अपनी पुस्तकें प्रदर्शित करते हैं। पुस्तक मेले में हमें एक ही स्थान पर श्रेष्ठतम पुस्तकें मिल जाती हैं। पुस्तक मेलों से पुस्तक-संस्कृति का प्रचार-प्रसार हुआ है।

(क) मेलों का उद्देश्य क्या है?
(ख) नगरों में किन-किन विषयों पर मेलों का आयोजन होने लगा है ?
(ग) पुस्तक-संस्कृति का प्रचार-प्रसार किससे हुआ है ?
(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया-विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए। (2)
(क) पिता जी अभी आए हैं।
(ख) बाहर एक आदमी खड़ा है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए। (2)
(क) वर्ण (ख) भेद

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)
(क) निरक्षर (ख) समर्थन

प्रश्न 5. 'डर' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) घाम (ख) तरबतर

(ग) आकृष्ट (घ) मुंडेर

प्रश्न 7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2)

(क) आँखों से ओझल होना

(ख) दिल से खुशी छलकना

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

(क) तिनके वाली घटना से कवि क्या समझ गया ?

(ख) अप्पू की माँ के रोने का क्या कारण था ?

(ग) कवि रहीम के अनुसार हमारी देह को किस प्रकार सहनशील होना चाहिए ?

(घ) 'अपूर्व अनुभव' पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है ?

समाप्त